आठ दिन पुरानी मारपीट के बाद किशोरी की मौत, गर्दन के निशान से गहराया रहस्य

आत्महत्याका दावा भी आया सामने, पोस्टमार्टम रिपोर्टसे खुलेगा मौतका राज

फतेहपुर (आससे)। आठ दिन पहले हुए विवादके बाद घायल किशोरी की अचानक मौतने पूरे मामलेको



रहस्यमय बना दिया है। गर्दन पर मिले गहरे काले निशान और मौतको लेकर सामने आए परस्पर विरोधी दावोंने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला फतेहपुर थाना क्षेत्रके गंगासागर गांवका है, जहां बुधवार को 15 वर्षीय प्रियांशु कुमारीकी मौत हो गई। घटनाके बाद गांवमें सनसनी फैल गई। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्टके आधारपर मौतकी वजह तलाशनेमें जुटी है।

मृतका के पिता रामप्रवेश यादव ने बताया कि 28 अक्टूबरको जानवर को लेकर गांव के ही कारू सावके परिजनों से विवाद और मारपीट हुआ था। इसमें उसकी बेटी प्रियांशु घायल हो गई थी। पिताका आरोप है कि मारपीटके दौरान आरोपितोंने प्रियांशुके गलेमें रस्सी डालकर खींचा था। इससे उसकी गर्दनपर निशान पड़ गए थे। घटनाके बादसे उसकी तबीयत खराब चल रही थी और इलाज कराया जा रहा था। बुधवारको अचानक पेटमें तेज दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। पिताने बताया कि मारपीट की घटनाको लेकर पहले ही थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इधर, सूचना मिलनेपर पहुंची पुलिसने शव को कब्जेमें लेकर पोस्टमार्टमके लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज अस्पताल, गया भेज दिया।

दूसरी ओर, आरोपित पक्षने मारपीटके आरोपोंसे इनकार किया है। उनका दावा है कि जानवरको लेकर विवाद जरूर हुआ था, लेकिन प्रियांशुके साथ मारपीट नहीं हुई थी। आरोपित पक्षके अनुसार, किशोरीका अपनी बहन से झगड़ा हुआ था। पिताकी डांटके बाद उसने कमरे में बंद होकर गले में फंदा लगा लिया था। इस दावेने मामले को और पेचीदा बना दिया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि किशोरी की गर्दन पर गहरे निशान मिले हैं। मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पूर्व में हुई मारपीट की घटनाको लेकर प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस सभी पहलुओंपर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आनेके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंस्टाग्राम पर जातिसूचक गाली-गलौज करने के मामले में विधि विरुद्ध बालक निरुद्ध

मानपुर। सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करनेके मामलेमें गया साइबर थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया है। उसके पास से एक खिलौनानुमा पिस्टल और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, तीन नवंबरको सोशल मीडिया मानीटरिंग के दौरान साइबर थाना को एक वीडियो की जानकारी मिली, जिसमें एक व्यक्ति जातिसूचक शब्दोंका प्रयोगकर गाली-गलौज कर रहा था। वरीय पुलिस पदाधिकारियों को सूचना देने के बाद वीडियो का सत्यापन किया गया। इसमें पता चला कि वीडियो वायरल करने वाला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांवका रहने वाला है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया। पुलिस ने युवाओं से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और हथियार के साथ फोटो-वीडियो साझा करने से बचने की अपील की है।

पितृपक्ष मेला में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कर्मी हुए सम्मानित

गयाजी। पितृपक्ष मेला 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विभिन्न विभागोंके अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों को बुधवार को सम्मानित



किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकारके सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया डा. राकेश कुमार सिंहने सभी को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके योगदानकी सराहना की।

इस अवसर पर जिला जज डा. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि पितृपक्ष मेला के दौरान श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को बेहतर सहयोग एवं विधिक सहायता उपलब्ध कराने में सभी का योगदान सराहनीय और अभूतपूर्व रहा। उन्होंने सभी प्रतिभागियोंके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं सेवा भावना से ही इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया जा सकता है।

वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास ने कहा कि पितृपक्ष मेलाके दौरान देश-विदेश से आनेवाले श्रद्धालुओं को विधिक सहायता, आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराने में सभी अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, पारा विधिक स्वयंसेवकों एवं प्राधिकार के कर्मियों ने पूरी निष्ठा और तत्परता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। सम्मानित होने वालों में अपर समाहर्ता परितोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार रमन, शिव कैलाश डालमिया, प्रमोद जन आहार सेवा कुटीर, वूमेन बीइंग आफ सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी तथा मेरा युवा भारत के विशाल कुमार शामिल रहे। इसके अतिरिक्त व्यवहार न्यायालय के प्रोटोकाल कर्मियों में सकीनतुल फातमा, स्व. महेश मिश्रा (मरणोपरांत), सुधीर कुमार, पंकज कुमार सिंह, अनुराग कुमार, अजीत कुमार एवं ऋषभ कुमारको सम्मानित किया गया।

महिला पारा विधिक स्वयंसेवकों में मधु देवी, प्रियंका शर्मा, सचित कुमारी, रंजू कुमारी, शोभा सिन्हा एवं प्रतिमा कुमारी तथा पुरुष पारा विधिक स्वयंसेवकों में परमानंद सिंह, मनोज कुमार, संतन कुमार, संतोष कुमार, रोहित कुमार, संजय कुमार सिंह, अमरेश प्रसाद, हीरा लाल यादव एवं सुचित पासवान को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मियों विकास कुमार, अनिल कुमार, रितिक कुमार, सतेंद्र कुमार, हीरा देवी एवं रौशन कुमार को भी सम्मान प्रदान किया गया।

शबी आरफीन शमसी को दुबई में किया जायेगा सम्मानित

गयाजी। गयाजी, बिहार की नामी शख्सियतों में शामिल शबी आरफीन शमसी को दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होनेवाले अंतरराष्ट्रीय अलंकरण समारोह- 2026 में टीआईएएफ एजुकेशन अवार्ड- 2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड शिक्षा, संस्कृति और समाज में विशेष योगदान देने वाली शख्सियतोंको दिया जाता है। यह समारोह 21 नवंबर 2026 को दुबई में आयोजित होगा। इसके लिए शबी आरफीन शमसीको उक्त संस्था की ओर से संयुक्त रूप में



आमंत्रण पत्र 2 नवंबर 2026 को भेजा जा चुका है। इसके लिए फोरम की तरु से उन्हें हवाई यात्राका टिकट सहित सभी प्रकारकी सुविधाएँ प्रदानकी जाएँगी। ज्ञात हो कि इस तरह का समारोह वैविक स्तर पर आयोजित किया जाता है। इसमें विश्व भरकी शख्सियतों को सम्मानित किया जाता है। गया शहर के लिए यह बहुत ही गर्व और सम्मानकी बात है कि गया के शबी आरफीन शमसी को यह सम्मान मिलने जा रहा है। गया और बिहार की धरती का यह नायाब सितारा दुबईमें भी चमकने जा रहा है। बताते चलें कि शबी आरफीन शमसी, शासी निकाय, मिर्ज़ा ग़ालिब कालेज, गया, के अध्यक्ष एवं सचिव रह चुके हैं। वे बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति बोधगया के सदस्य, मगध विश्वविद्यालय बोधगया के सीनेट सदस्य हैं। उन्हें बिहार सिटिजन फर्स्ट सहित कई सम्मान मिल चुके हैं। ये सम्मान और जिम्मेदारियाँ किसी व्यक्ति की ईमानदारी, निष्पक्षता, कर्तव्य परायणता, सामाजिक स्वीकृतिका प्रमाण हैं।

लूटकांड का उद्भेदन, लूट के 1.53 लाख रुपये बरामद, दो गिरफ्तार

इमामगंज (संसू)। पुलिस ने लूट कांड के दो आरोपी को साथ 1.53 लाख 600 सौ रुपए एवं एक मोटरसाइकिल अपाची के साथ दो मोबाइल सहित गिरफ्तार करके इमामगंज डीएसपी कार्यालय में लाकर प्रेस कान्फ्रेंस किया। इमामगंज पुलिस अनुमंडल डीएसपी धीरज कुमारने बताया कि लक्ष्मी इंटरप्राइजेज के स्टाप ने 5 लाख रुपए तहसील कर डुमरिया से आ रहा था। उसी क्रम में जमुना मैदान के स्थित लुटेरेने लूट कर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि वरीय अधिक्षक गया जी एएसपी सुशील कुमार के द्वारा इस कांड के काफी गंभीरता से लेते हुए इस कांड के त्वरित उद्बोधन एवं घटना कारित करने में सम्मिलित लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु इमामगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी इमामगंज के नेतृत्व में एक विषय टीम का गठन किया गया जिसे इमामगंज थाना अध्यक्ष अमित कुमार एवं उन पुलिस पदाधिकारी कर्मी एवं तकनीकी शाखा गया के पुलिस पदाधिकारी कर्मीको शामिल किया गया।

वही गठित टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान अर्चना संकलन एवं सीसीटीवीफुटेज का अवलोकन तथा इस कांड में संलिप्त वादी के बताया अनुसार लोकनाचक गांव से इस कांड में संलिप्त अभियुक्तको छापामारी करके गिरफ्तार



किया गया और नाम पूछने पर अपना नाम बताया की लोकनाचक गांव धर्मवीर कुमार वही तत्पश्चाता पकड़े अभिर्युक्त के निशानदेही पर 1लख 53हजार 600 सौ रुपए एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पकड़े गए अभियुक्त धर्मवीर कुमार से पूछताछ के क्रम में बताया कि इस कांड में संलिप्त एक और अभियुक्त का रोशनगंज थाना क्षेत्रके कर्मडीह गांव का है जब गठित टीम के द्वारा छापामारी किया गया तो अभियुक्त घर से फरार पाया गया एवं उसके घर के पास से लुट की घटना करने में शामिल एक काले रंग के अपाची मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। वहीं पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ के क्रम में बताया कि वादी इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव रहनेवाले अभीषेक कुमार घटनाक्रम के अंजाम देने के लिए योजना बनाया गया था। तब बरडीह गांव से छापामारी किया गया तो स्वर्गीय आमोद मिश्रा पुत्र अभिषेक कुमार गिरफ्तार किया गया और उसे घरसे लूट गया रुपया 36 हजार रुपया एवं दो मोबाइलफोन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि लुटेरे को गिरफ्तारी के लिए छापामारी किया जा रहा है।

भाजपा को लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा अराजकता पर जनता का जवाब

गयाजी। जिला कांग्रेस कमिटी के जिला प्रवक्ता अशोक प्रसाद भारती ने कहा कि भाजपा द्वारा नवंबर 2026 से शुरूकी जा रही तथाकथित 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता पदयात्रा' का उद्देश्य लोकतंत्र बचाना नहीं, बल्कि बिहार में अराजकता फैलाना है। हाल ही में बिहार के भागलपुर जिले में



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आगमन पर वहाँ की जनताने अपना स्पष्ट संदेश दे दिया। भागलपुर की जनताने बता दिया कि अब जनता भाजपा की राजनीति से ऊब चुकी है। लोकतंत्र बचाने का नारा देने वालों को पहले जनता की आवाज सुननी चाहिए। भागलपुर की जनता ने एक मिसाल पेश की है। जनता का संदेश साफ है लोकतंत्र बचाने की बात करने वालोंको पहले जनता का विश्वास जीतना होगा। लोकतंत्र जनता से है, जनता के लिए है और जनता की आवाज ही लोकतंत्र की असली ताकत है। भागलपुर की जनता का फैसला का समर्थन गया जिला कांग्रेस कमिटी के युगल किशोर सिंह, विधा शर्मा, मदीना खातून, बर्जेश प्रदीप शर्मा, डा गीता पासवान, अनुमति देवी, राय गोपाल पासवान, बिनोद यादव, अर्जुन गुप्ता सहित अनेको पदाधिकारियोंने भागलपुर जनता का स्वागत किया है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत, एक घायल

इमामगंज (संसू)। शेरघाटी जाने वाले मुख मार्ग पर गुरिया गुरिया बाजार के पास बुधवारको हुए सड़क हादसेमें अज्ञात वाहनकी चपेटमें आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनाके बाद आक्रोशित ग्रामीणोंने स्टेट हाईवे-69 को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। तब आक्रोशित ग्रामीणों को पुलिस के समझाने-बुझाने और मुआवजे के आश्वासन पर जाम हटाया गया। मृतकों की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र के बिसुनबीघा गांव रहनेवाले ईश्वरी प्रसाद के पुत्र 22 वर्षीय धनंजय प्रसाद और बिगन भुइयां के पुत्र

तीन घंटे तक एसएच-69 रहा जाम

22 वर्षीय दिनेश भारतीके रूपमें की गई है। वहीं घायल युवककी पहचान रामबली भारती के 18 वर्षीय पुत्र विक्रम भारती के रूप में हुई है। मृतक धनंजय के पिता ईश्वरी प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र बुधवार को करीब 11 बजे मोटरसाइकिल से घर से गुरिया बाजार जाने के लिए निकला था। उसके साथ दिनेश भारती और विक्रम भारती भी थे। काम निपटाने के बाद तीनों एक मोटरसाइकिलपर सवार गुरिया से अपने घर बिसुनबीघा लौट रहे थे। इसी दौरान गुरिया बाजारके पास ही पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर दूर जाकर गिर गया।

घटना के बाद आसपासके लोग दौड़े और तिनोको उठाकर बांके बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां चिकित्सकोंने धनंजय प्रसाद को देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि दिनेश भारतीकी भी जांचके बाद मौतकी पुष्टि हो गई। घायल विक्रम भारती को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कालेज सह अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही गांवमें मातम छा गया। एक साथ दो युवकों की मौत की खबर सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव के सैकड़ों लोग भी घटनास्थल पर जुट गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी, सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने और मृतकों के स्वजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर स्टेट हाईवे-69 को जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना पर इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटाया। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवोंको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टमके लिए मगध मेडिकल कालेज सह अस्पताल, गया भेज दिया।

न्यायालय में,
श्रीमान् सिविल जज (जे.डी.),
शेरघाटी, गया।
हकियत वाद सं. 55/2009
राजेन्द्र साव वगैरह......वादीगण।
बनाम
बलीराम साव वगैरह........प्रतिवादीगण।
कोर्ट नोटीस

चूं बजरीय नोटीश आप प्रतिवादी संख्या 04 (A) सुरेन्द्र साव पिता स्व. सहदेव साव ग्राम बहेरी टोला तिवारीचक, थाना शेरघाटी, जिला गया, 02(A) बलीराम साव, 02(B) परशुराम साव दोनो पिता स्व. केदार साव ग्राम धनगाई, पो. पतलुका, थाना बाराचटी 08(A) उपेन्द्र साव पिता स्व. रामलाल साव माता सुर्जी देवी ग्राम धनगाई, पो. पतलुका, थाना बाराचटी 13(A) बिनोद साव 13(B) संजय साव 13(C) अजय साव सभी पिता स्व. किशोरी साव, 14(A) शंकर साव, 14(B) रिंकू साव दोनो पिता स्व. रामदेव साव 15(A) शयाम सुन्दर साव 15(B) भोला साव दोनो पिता स्व. सुर्यदेव साव 16(A) अभीषेक कुमार 16(B) पिन्टु कुमार दोनो पिता स्व. सुरजदेव साव माता स्व. कलिया देवी सभी ग्राम हनानगंज, पो. कचौड़ी, थाना शेरघाटी, जिला गया, बिहार आपलोगों के विरूद्ध वादीगण द्वारा हकियत वाद दायर किया गया है, इस न्यायालय से नजारत एवं निर्बंधित डाक द्वारा सम्मन भेजा गया है किन्तु आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अत: आपलोगों को इस गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.12.26 को प्रात: 10.30 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी। यह नोटीस मेरे न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत की जा रही है। इसे ताकीद जानें।

श्रीमान सिविल जज (जे.डी.),
शेरघाटी, गया।

न्यायालय में,
श्रीमान् सिविल जज (जे.डी.),
शेरघाटी, गया।
हकियत वाद सं. 95/2016
मन्दोदरी देवी.............वादी।
बनाम
बिहार सरकार वगैरह..................
.............................प्रतिवादीगण।
कोर्ट नोटीस

चूं बजरीय नोटीस आप प्रतिवादी संख्या 01. कलक्टर गया, जिला पदाधिकारी आफिस गया, पोस्ट मुख्य डाकघर, थाना सिविल लाईन्स, जिला गया 02. अंचल अधिकारी बाराचटी, अंचल आफिस बाराचटी, पोस्ट थाना बाराचटी, जिला गया 03. बालेश्वर यादव पिता स्व. बाबुलाल यादव, ग्राम लहुवरी, थाना बाराचटी, जिला गया, बिहार आपलोगों के विरूद्ध वादी द्वारा हकियत वाद दायर किया गया है, इस न्यायालय से नजारत एवं निर्बंधित डाक द्वारा सम्मन भेजा गया है किन्तु आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं।

अत: आपलोगों को इस गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.12.26 को प्रात: 10.30 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी। यह नोटीस मेरे न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर से निर्गत की जा रही है। इसे ताकीद जानें।

सिविल जज (जे. डी.), शेरघाटी, गया।

चुनावी हार की बौखलाहट में देश में अस्थिरता और अराजकता का माहौल बनाने की साजिश रच रहा विपक्ष: चंदन कुमार सिंह

गयातजी। जद यू नेता चंदन कुमार सिंह ने एनडीए के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इंडी गठबंधन और विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलोंके नेता राजनीतिक नाकामियों में देशकी लोकतांत्रिक के बीच भ्रम फैलाने और कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को कहा कि जिस कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की, संवैधानिक संस्थाओंको




अपनी लगातार हो रही और चुनावी हार की हताशा व्यवस्था के खिलाफ जनता भड़काने का कुत्सित काम आड़े हाथों लेते हुए श्री सिंहने देश पर आपातकाल थोपकर जिसने दशकों तक अपनी जागीर समझा और जिस पार्टी में खुद कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं है, वह आज लोकतंत्र के खतरे में होने का झूठा राग अलाप रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेसकी इन्हीं राजनीतिक नाकामियों और भ्रष्टाचार के कारण आज देश की जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया है। अपनी खोती राजनीतिक प्रासंगिकता की बौखलाहट में ही कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अब देश में अस्थिरता और अराजकताका माहौल बनाने की साजिश रच रहे हैं।

जद यू नेता ने कहा कि चुनाव हारने पर ईवीएम और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस और इंडी गठबंधन की फितरत बन चुकी है। श्री सिंह ने कहा कि भारत का लोकतंत्र पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत है, जिसका आधार हमारा संविधान, निष्पक्ष लोकतांत्रिक संस्थाएं और देशकी जागरूक जनता है। एनडीए का 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान देश की इसी व्यवस्था के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और विपक्ष के झूठ को बेनकाब करनेका प्रयास है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्रमें सत्ता पक्ष का विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन विरोध की आड़ में अपनी राजनीतिक नाकामियां छिपाने के लिए अविश्वास और अराजकता का माहौल बनाने की राजनीति कतई स्वीकार्य नहीं हो सकती। देश की जनता विपक्ष के इस दोहरे चरित्र को भली-भांति देख और समझ रही है।

विहिप और बजरंग दल की नयी नगर इकाई गठित

बोधगया। शहरके टिलहा धर्मशाला में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल, विष्णुपद नगर की बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन की मजबूती,



विस्तार, हितचिंतक अभियान और आगामी कार्यक्रमोंकी रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही नई नगर इकाई के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में विहिपके प्रांत प्रवर्तन प्रमुख प्रेमनाथ टैया ने कहा कि संगठन के विस्तार और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए हितचिंतक अभियान को प्रभावी ढंग से चलाना जरूरी है।

नई इकाई में संजय नकफाफा को विहिप का अध्यक्ष, संजय कुमार ऊर्फ संजू सिंह एवं भुनेश्वर प्रसादको उपाध्यक्ष तथा शशि कुमार गिरी को सह मंत्री बनाया गया। वहीं, बजरंग दल का संयोजक सुजल कुमार को बनाया गया। सूरज लाल गुपुत को सह

संजय नकफाफा बने अध्यक्ष
सुजल कुमार बनाये गये बजरंग दल के संयोजक

संयोजक, सोम कुमार को मिलन प्रमुख, नीरज कुमार को बलोपासना प्रमुख और ऋषिकेश कुमार को विद्यार्थी प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री सूरज प्रताप, विभाग संयोजक प्रकाश कुमार गुप्ता और महानगर सह मंत्री विक्रम गुर्दा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विकास मउआर ने किया। मौके पर कृष्णा राम, रूपक सिंह, चंदन कुमार, हनी सिंह, सनी मिश्रा, रवि कुमार, करण कुमार, धनंजय सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा
(Email Id- eescd.mrh@gmail.com)
(Mob. No- 7463889600)

अल्पकालीन नीलामी सूचना सं0-01/2026-27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी,गोपालगंज वन प्रमंडल ,गोपालगंज का पत्रांक 3093 दिनांक 27.10.2026 के द्वारा प्राप्त मुल्यांकन के आधार पर एवं बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता नियमावली के नियम 294iii(1) के आलोक में सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा अन्तर्गत पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन कार्य में बाधक वृक्षों के पातन कर अस्थायी वनागार , सारण नहर अवर प्रमंडल मढ़ौरा के कैम्पस में रखे गये लकड़ियों का निलामी प्रक्रिया के तहत् निम्नाकित शर्तो के अधीन दिनांक 26.11.2026 अपराह्न 3:00 बजे से नीलामी किया जायेगा।

ग्रुप सं0	प्रमंडल/कार्यालय का नाम	लकड़ियों का विवरण	निलामी की न्यूनतम बोली (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)
1	2	3	4	5
01	सारण नहर प्रमंडल मढ़ौरा	संलग्न सूची के अनुसार	1736680.00	347400.00 (20% नीलामी की न्यूनतम बोली का)

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014745 (WRD) 2026-27

(ई० मिथिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

समाहरणालय समस्तीपुर
(जिला नजारत शाखा)
अल्पकालीन निविदा का शुद्धि-पत्र

समस्तीपुर जिला अन्तर्गत बिहार कला संस्कृति विभाग द्वारा दिनांक-22.11.2026, 23.11.2026 एवं 24.11.2026 को विद्यापति राजकीय महोत्सव 2026 का आयोजन होना निर्धारित है। इस अवसर पर स्टेज, पंडाल, लाईट एण्ड साउण्ड, जेनरेटर, कुर्सी, टेबुल आदि का अधिष्ठापन एवं अल्पाहार, भोजनादि, आवासन व्यवस्था तथा पेंटिंग/हस्तशिल्प का कार्यशाला/प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, उद्घाटन एवं समापन समारोह का आयोजन होना है। साथ ही उक्त राजकीय समारोह के प्रसार प्रसार हेतु होर्डिंग, साईन बोर्ड की आवश्यकता है।

उक्त कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन संख्या-PR No-014363 (Art & Culture) 26-27 द्वारा एवं जिला के वेबसाईट पर प्रकाशित विज्ञापन के तकनीकी निविदा के नियम एवं शर्ते के कंडिका-05 में अंकित फर्म का Chartered Accountant द्वारा सत्यापित विगत तीन वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये का प्रमाण-पत्र (Profit & Loss A/c एवं Balance Sheet) स्व-अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करने का सूचना प्रकाशित है, उक्त निविदा के कंडिका-05 में आंशिक संशोधन करते हुए फर्म का Chartered Accountant द्वारा सत्यापित विगत तीन वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम प्रत्येक वर्ष का 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये अथवा तीनों वित्तीय वर्ष मिलाकर 1,00,00,000.00 (एक करोड़) रूपया का प्रमाण-पत्र (Profit & Loss A/c एवं Balance Sheet) स्व-अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करना पढ़ा जाय।

सभी निविदादाता पूर्व विज्ञापन के निविदा में अन्य सभी शर्ते यथावत् रहेगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
समस्तीपुर

PR. No. 014742 (Art & Culture) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या- 01, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या- 56 वर्ष 2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या- 01, पटना।
2. परिमाण-विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 12.11.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या- 01, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :-

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation of Bathroom and Sanitary Installation, Water Supply Work in Bathroom in Ministry of Electronics & Information Technology (NIC) 1st Floor of NIC Building in the Campus of Soochna Bhawan, Patna For the Year 2026-27.	2.30	4,600=00	500=00	01 माह

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या- 01, पटना

PR. No. 014751 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय :- कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
प्रमंडल, पूर्णिया
E-mail ID:- fcdpurnea@gmail.com
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 03/2026-27
पत्रांक. 2272

1. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :- दिनांक 31.10.2026
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 19.11.2026 से दिनांक 21.11.2026 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक 23.11.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 23.11.2026 को अपराह्न 3:30 बजे।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री एवं प्राप्ति का स्थान :- 1. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया। 2. अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, पूर्णियाँ। 3. मुख्य अभियंता,बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग कटिहार।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :- तिथि एवं समय बाद में निर्धारित किया जायेगा।
8. निविदा की वैधता की अवधि :- निविदा प्राप्ति के 120 दिन तक।
9. कार्य की विवरणी :-

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
01	आवासीय भवनों एवं आवासीय परिसरों के वार्षिक संधारण /संचालन कार्य।	4.08000	8200	750.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्त्ता हेतु
02	आवास का प्रकार डी, ई तथा आई का त्रैवार्षिक मरम्मती / रंग रोगन कार्य।	10.35000	20700	2500.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्त्ता हेतु
03	निरीक्षण भवन पूर्णिया, महानंदा शिविर, जनता चौक, पूर्णिया, पिन-854301 का वार्षिक संपोषण एवं रख रखाव कार्य।	2.00	4000	500.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्त्ता हेतु

10. निविदा के नियमों, शर्तो एवं विशेष जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में अथवा मोबाईल संख्या 7463889220 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण जल निस्सरण
प्रमंडल, पूर्णिया
मोबाईल नं0:-7463889220

PR. No. 014750 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।